Digital Coverage

E-link	https://www.visionlivenews.com/2022/12/blog-post_65.html
Website	https://www.visionlivenews.com/

क्वींस कार्मेल विद्यालय ने अपना वार्षिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम "यूफोरिया" को हर्षोल्लास के साथ मनाया

VISION LIVE NEWS24 December

विजन लाइव/ ग्रेटर नोएडा

ग्रेटर नोएडा के क्वींस कार्मेल विद्यालय ने अपना वार्षिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम "यूफोरिया" को हर्षौल्लास के साथ शनिवार,दिसंबर २४.१२.२२ को आयोजित किया। इस अवसर पर विद्धालय की छात्राओं ने मूल मंत्र "जागरूकता ,जागरण एवम जीत के साथ-साथ खेलकूद, सामाजिकता, सामंजस्य, धेर्य एवम अनुशासन के जरिये प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चेयरमेन अनिल सचदेवा एवं डायरेक्टर दीपक जैन का स्वागत विदद्यालय प्रमुख द्वारा किया गया।|म कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अनिल सचदेवा एवं दीपक जैन ने दीप प्रज्वलित कर के किया। मुख्य अतिथि व चेयरमैन ने अपने भाषण से छात्राओं का उत्साह बढ़ाया व उन्हें प्रतियोगिता को खेल भावना के साथ पूरी करने की शपथ दिलाई। विद्यालय प्रमुख श्रीमती संध्या कुमारिया ने अपने संबोधन में मुख्य अतिथि, प्रबुद्ध जनों और अभिभावकों का स्वागत किया एवम् छात्राओं को शुभकामनाएं दी। कक्षा चार,पांच एवं छह की छात्राओं ने गणेश वंदना पर योग नाट्यम कर मन, मस्तिष्क और आत्मा का परमात्मा से संगम दर्शया। टायक्वोंडो ड्रिल में सभी छात्रोंओ ने अपने प्रशिक्षण के दौरान सीखे अपनी आत्मसुरक्षा की प्रतिभा एवं शक्ति का परिचय दिया।

क्वींस विद्ध्यालय की छात्राओं ने पूरे वर्ष लगन और उत्साह से सीखी स्केटिंग प्रतिभा के अपने प्रशिक्षण का अनूठा प्रदर्शन "जय हो गीत" द्वारा किय।

स्केट्स पर छात्राओं का शारीरिक, मानसिक संतुलन और उत्साह देखने लायक था| सभी अतिथियों ने तालियां बजाकर उनका हौसला बढ़ाया। विद्ध्यालय की नर्सरी, केजी की छात्राओं,थुम्बेलिना,टुलिप, लिली, जस्मिने डैफोडिल की छात्राओं ने अपनेनन्हे किन्तु सधे कदमों इ अपनी दौड़ को पूरा किया |कक्षा डैफोडिल ने रेडी तो स्कूल रेस में अपने स्कूल बैग में अपना टिफ़िन बॉक्स, पानी की बोतल, नोटबुक, पेंसिल बॉक्स,और अपनी स्कूल डायरी स्वम् रखकर अपने स्वालंबन का परिचय दिया । कक्षा मेरिंगोल्ड की छात्राओ लॉक एंड रन रेस में एक-दूसरे की बाह थाम कर तेज चलने की रेस करी| हॉप एंड बीट रेस में कक्षा तीन की छात्राओं ने बहुत उत्साह से इस रेस में भाग लिया ओर सभी रुकावटों को पार कर ये रस पूरी की। छात्राओ का उत्साह सभी अतिथिओं एवम अभिवावकों ने बढ़ाया| कक्षा चार से छह तक की छात्राओं ने रीले रेस द्वारा अपनी एकता और सामंजस्य को प्रदर्शित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रमुख ने विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राओं उनकी उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया।

कार्यक्रम के समापन पर अपने संबोधन में विद्यालय की अकादमिक समन्यक श्रीमती शालिनी मिश्रा ने मुख्य अतिथि अनिल सचदेवा, दीपक जैन , प्रबुद्ध जनों एवं अभिवावकों को धन्यवाद दिया।